तापमान
अधिकतम 40.5 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 29 अप्रैल 2026

11 पुलिस सुरक्षा और एचवीपीएनएल के पुनर्गठन की मांग को लेकर एचपीईए का विरोध प्रदर्शन




12 अंगदान के यज्ञ में आहूति डालने को तैयार, मंत्री समर्थक चलाएंगे शपथ पत्र की मुहिम






## खबर संक्षेप

### महिला से मारपीट में तीन आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने घर में घुसकर महिला से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांव निवासी भतेरी देवी की शिकायत पर कई आरोपियों के खिलाफ गत 28 फरवरी को केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने विरेंद्र सिंह, नवीन और शिव कुमार को गिरफ्तार कर लिया। इससे पूर्व इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसों के दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। कसोला पुलिस ने सड़क हादसे के बाद गत 6 अप्रैल को केस दर्ज किया था। सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वाहन चालक हादसे के बाद फरार हो गया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के झिवाना निवासी आरिफ खान को गिरफ्तार कर लिया। थाना बावल पुलिस ने 26 फरवरी को दर्ज किए गए मामले में राजस्थान के गुंसार निवासी मुकेश को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### बाल सुधार गृह भेजा दुष्कर्म का आरोपी

**जाटूसाना।** पुलिस ने एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने के बाद दुष्कर्म का शिकार बनाने के आरोपी नाबालिग को अभिरक्षा में ले लिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 21 अप्रैल को पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। नाबालिग लड़की का मेडिकल टेस्ट भी कराया गया था। इस मामले में एक गांव निवासी नाबालिग को अभिरक्षा में लिया गया है। जेजे बोर्ड के समक्ष पेश करने के बाद उसे बाल सुधार गृह फरीदाबाद भेज दिया गया।

### दहेज हत्या के मामले में पति गिरफ्तार

**बावल।** किशनपुर में बीते दिनों हुई विवाहित की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाने से मौत के बाद दर्ज मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। मृतका के मायके पक्ष के बयान पर पुलिस ने 15 अप्रैल को दहेज हत्या का केस दर्ज किया था। उसके मायके पक्ष के लोग तीन दिन पूर्व विधायक के साथ एसएचओ से मिले थे। इस मामले में पुलिस ने मृतका के पति राकेश को गिरफ्तार कर लिया। उसके जेठ व जेठानी की तलाश की जा रही है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

**डहीना।** थाना खोल पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। उनके बीच काउंसलिंग कराई गई। बार-बार प्रयासों के बाद भी समझौता नहीं हुआ, तो पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ 13 अप्रैल को केस दर्ज किया था। इस मामले में महेंद्रगढ़ के बराड़ा निवासी अरुण को गिरफ्तार किया गया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

*रेवाड़ी अनाजमंडी में हैफेड ने अभी तक 10 किसानों से की 164 क्विंटल सरसों खरीदी, प्राइवेट में 3.10 लाख क्विंटल से अधिक बिक चुकी*

# सरकारी खरीद धीमी: रेवाड़ी मंडी में अब तक 59224 क्विंटल व कोसली मंडी में 3.5 लाख क्विंटल के करीब हुई गेहूं की खरीद

### हैफेड अब फूड सप्लाई विभाग के लिए कर रही गेहूं की कमर्शियल खरीद, अब तक 130 किसानों से 4283 क्विंटल गेहूं खरीदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/कोसली

जिले की अनाजमंड़ियों में पिछले एक सप्ताह से सरसों व गेहं की आवक धीमी पड़ गई है। सरसों की सरकारी खरीद को बंद होने में भी तीन दिन शेष है। सरसों की एमएसपी पर खरीद एक मई और गेहूं की सरकारी खरीद 15 मई तक की जाएगी। 28 मार्च से शुरू हुई सरकारी खरीद में अब तक हैफेड को रेवाड़ी अनाजमंडी में 10 किसानों से 164 क्विंटल सरसों ही मिल पाई है, वही बावल अनाजमंडी में हैफेड ने 2374 क्विंटल सरसों की खरीद की है।, जबकि रेवाड़ी अनाजमंडी में आढ़तियों की ओर से अब तक 310853 क्विंटल सरसों की प्राइवेट खरीद की जा चुकी है। अनाजमंडी इस समय ओपन में सरसों का भाव 6000 से 6600 रुपये प्रति क्विंटल चल रहा है। वही रेवाड़ी मंडी में अब तक 59224 और बावल अनाजमंडी में 13806 क्विंटल गेहूं की सरकारी खरीद की जा चुकी है। वही कोसली मंडी में 3.5 लाख क्विंटल के करीब गेहूं की आवक हो चुकी है।





रेवाड़ी। रेवाड़ी अनाजमंडी में फड पर लगी सरसों की ढेरियां। फोटो : हरिभूमि

### मंगलवार को कोसली मंडी में गेहूं की खरीद नहीं

सरकारी खरीद के शुरू में जहां कोसली अनाज मंडी में गेहूं की भारी आवक हो रही थी, वहीं अब आवक धीमी पड़ गई है। मंगलवार को मात्र 450 क्विंटल गेंहू के 19 गेट पास जारी किए गए। मार्केट कमेटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि मंडी में एक अप्रैल से एमएसपी पर खरीद शुरू होने के बाद से अब तक 306288 क्विंटल गेंहू की आवक हो चुकी है। वेयरहाउस के खरीद अधिकारी जगदीश बांगड़ ने बताया कि कोसली मंडी में सोमवार शाम तक 303273 क्विंटल गेंहू की खरीद की गई थी, वही मंगलवार को गेंहू की कोई खरीद नहीं हुई। मंडी से गेंहू के 539964 कट्टों यानि 269982 क्विंटल अनाज का उठान हो चुका है, जबकि 30 हजार क्विंटल के करीब गेंहू का उठान होना बाकी है। कोसली मंडी में अभी तक 14528 क्विंटल सरसों की आवक हुई है।



रेवाड़ी। कोसली मंडी से गेहूं का उठान करते हुए मजदूर। फोटो : हरिभूमि

### फूड सप्लाई के लिए गेहूं खरीद रही हैफेड

रेवाड़ी अनाजमंडी में पहले एफसीआई के लिए गेहूं की 2585 रुपये प्रति वंविटल एमएसपी पर खरीद की जा रही थी, जिसमें हैफेड ने 396 किसानों से 15403 क्विंटल गेहूं खरीदा था। अब हैफेड की ओर से फूड सप्लाई विभाग के लिए डिमांड अनुसार 913 एमटी यानि करीब 18 हजार बैग गेहूं की एमएसपी से एक रुपये ज्यादा 2586 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से कमर्शियल खरीद की जा रही है, जिसमें हैफेड की ओर से तीन दिन में 130 किसानों से 4283 गेहूं खरीदा जा चुका है। वहीं रेवाड़ी अनाजमंडी में वेयरहाउस की ओर से अब तक 2585 रुपये एमएसपी पर 40746 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है।

## बैंक खाते से 1.5 लाख रुपये उड़ाने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने गत वर्ष अक्टूबर माह में एक व्यक्ति के बैंक खाते से 1.5 लाख रुपये उड़ाने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी को कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। गुरावड़ा निवासी संजय कुमार ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत वर्ष 17 अक्टूबर को उसके मोबाइल फोन पर तीन मैसेज आए थे। यह मैसेज उसके बैक खाते से 50-50 हजार रुपये कटने के थे। जिसके बाद उसने डायल-1930 नंबर पर शिकायत दर्ज करा दी थी। जिस पर पुलिस ने बैंक स्टेटमेंट मिलने के बाद साइबर थाना रेवाड़ी में मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त एक आरोपी यूपी के जिला बुलंदशहर के मोहल्ला भमरा सोफिया का निवासी साबाद को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी साबाद के बैंक खाते में ठगी की रकम के 50 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे। जो इस मामले में पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी यूपी के जिला बुलंदशहर के मोहल्ला भमरा सोफिया का निवासी हामिद अली को भी माननीय अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी ने साबाद का बैंक खाता साइबर ठगों को उपलब्ध कराने के लिए मध्यस्थ की भूमिका अदा की थी।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

## फांसी लगाने का कर रहा था नाटक, अचानक फंदा लगने से चली गई जान

**रेवाड़ी।** युवक मजाक-मजाक में परिजनों को फांसी लगाकर जान देने की चेतावनी दे रहा था। उसके लिए फांसी की तैयारी भी कर ली। अचानक फंदा लगने से उसकी जान चली गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया। बावल थाना क्षेत्र के गांव रामसिंहपुरा नांगलिया निवासी 33 वर्षीय रोहित मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। इसी के चलते वह परिजनों को फांसी लगाकर जान देने की बात कहते हुए काफी देर से मजाक कर रहा था। वह फंदा बनाकर गले में डालकर परिजनों को मजाक में ही फांसी लगाने की चेतावनी दे रहा था। इसी दौरान फंदा उसके गले में डल गया और वह फांसी के फंदे पर लटक गया। परिजनों ने उसे तुरंत फंदे से उताकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद थाना बावल पुलिस ने अस्पताल जाकर शव कब्जे में ले लिया। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**दो बच्चों का पिता था मृतक रोहित**

रोहित के परिवार में उसकी पत्नी के साथ-साथ एक लड़का और एक लड़की हैं। एसएचओ फूल कुमार ने बताया कि परिजनों ने पुलिस बयान में बताया कि रोहित कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। इससे पहले भी आत्महत्या करने को लेकर मजाक करता रहता था। परिजनों को यह अंदाजा नहीं था कि अचानक फंदा गले में फंसने से उसकी मौत हो जाएगी।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में गो तस्कर रमजान। फोटो : हरिभूमि

## गोतस्करी का आरोपी दस साल बाद गिरफ्तार एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

**रेवाड़ी।** बावल थाना पुलिस ने लगभग एक दशक से फरार चल रहे गोतस्करी के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। 29 अक्टूबर 2016 को पुलिस को सूचना मिली थी कि नूंह के घासेड़ा निवासी करमलाई अपने ट्रक में गाय भरकर दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे से निकल रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने नाकेबंदी करते हुए वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान एक ट्रक को रुकने का इशारा किया, तो चालक ने ट्रक को वापस मोड़ने का प्रयास किया। सड़क पर अन्य वाहन होने के कारण चालक व ट्रक में सवार लोग ट्रक छोड़कर भागने में कामयाब हो गए। चेक करने पर ट्रक में 12 गाएं और 9 गोवंश निर्ममता से भरे हुए पाए गए। पुलिस ने गोवंश को गोशाला में भिजवाने के बाद गोतस्करी का केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया। अब एक आरोपी नूंह के फिरोजपुर निवासी रमजान को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी गोतस्करी के कई मामले दर्ज हैं। उसे पूछताछ के लिए कोर्ट से रिमांड पर लिया गया है।

## स्मैक तस्करी का सातवां आरोपी चढ़ा सीआईए के हत्थे



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में नशा तस्कर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

सीआईए कोसली ने अवैध नशीला पदार्थ स्मैक तस्करी के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। गत वर्ष 23 नवम्बर को सीआईए कोसली को सूचना मिली थी कि जोरावर सिंह निवासी बड़ा तालाब रेवाड़ी हाल आबाद ढाणी अहीर झाबुआ रोड बावल नशीला पदार्थ स्मैक बेचने का धंधा करता है। वह दिल्ली से काफी मात्रा में नशीला पदार्थ स्मैक लेकर आया है और वह अभी अपने घर से अपनी बाइक अपाचे पर नशीला पदार्थ स्मैक सप्लाई करने जायेगा। सूचना मिलते ही वह अपनी टीम के साथ तुरंत घटनास्थल की ओर रवाना हुए और आरोपी को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम जोरावर सिंह बताया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट को साथ लेकर आरोपी की तलाशी ली गई तो आरोपी के कब्जे से से 304 ग्राम स्मैक बरामद हुई। सीआईए ने थाना बावल में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुलिस ने एक और आरोपी गांव बिशनपुर निवासी सुनील उर्फ सेठी को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट से एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

*नई अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर में मोहनी एकादशी पर हुआ श्री श्याम बाबा का भव्य संकीर्तन*

# लगन तुम से लगा बैठे, जो होगा देखा जाएगा...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नई अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर में सोमवार रात्रि मोहनी एकादशी पर श्री श्याम प्रभु के 128वें संकीर्तन का आयोजन किया गया। श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में देहरादून से भजन गायक मयूर गुप्ता व गोकलगढ़ से गायक संजय शर्मा के जागरण में अनेक मनमोहक भजन सुनाए। श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप के सदस्यों ने बाबा की ज्योत प्रज्जवलित कर संकीर्तन का शुभारंभ किया। मंगलवार को द्वादशी के अवसर पर शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।





रेवाड़ी। एकादशी पर सजी श्याम बाबा की भव्य प्रतिमा, श्याम संकीर्तन में भजन गाते हुए गायक मयूर गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### गायकों ने भजनों से बांध समां

मोहनी एकादशी पर गोकलगढ़ से भजन गायक संजय शर्मा ने गणेश जी व हनुमान जी की वंदना से जागरण का शुभारंभ किया। उन्होंने 'बाबा बैठा सिंहासन लगा के, मांग लो खाली झोली फैला के' सहित अनेक भजन सुनाए। इसके बाद देहरादून से भजन गायक मयूर गुप्ता ने 'किसने सजाया आपको सांवरिये सरकार, तेरे इतना इतर लगाया की महक उठा दरबार', 'लगन तुम से लगा बैठे, जो होगा देखा जाएगा, ये दिल तुम पे लुटा बैठे, जो होगा देखा जाएगा', 'छोड़ेंगे न हम तेरा साथ ओ बाबा मरते दम तक' 'दीनानाथ मेरी बात छानी कोणी तेरे से, आंखडली चुराकर बाबा जासी कठे मेरे से' सहित अनेक भजनों से बाबा की महिमा का गुणगान किया। श्याम संकीर्तन में चरत अग्रवाल, विजय अग्रवाल, रवि भट्ठेवाले, रितेश बंसल, विकास बंसल, राजुल, अमित अग्रवाल, मनीष सचदेवा, अनिल मखीजा, पुरुषोत्तम, संजय सहगल, नवीन शर्मा, सोनिया, अभिलाषा, मीनाक्षी, आरती, हिना, नंदिनी व कविता सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हाजरी लगाई।



## फरार चल रहा पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रेवाड़ी।** पुलिस के पीओ स्टाफ ने काफी समय से फरार चल रहे कोर्ट से घोषित एक पीओ को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पीओ स्टाफ के एएसआई अजित राणा ने बताया कि आरोपी राजस्थान के चांदपुर निवासी रजमल काफी दिनों से चेक बाउंस के एक मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था। अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना माडल टाउन में अलग से अभियोग दर्ज किया था। पीओ स्टाफ ने आरोपी रजमल को गिरफ्तार कर लिया। जमानत नहीं मिलने के कारण उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेजने के आदेश दिए गए।



# डॉन 3 बंद नहीं होगी, पर्दे पर जरूर दिखेगी कहानी

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक व अभिनेता फरहान अख्तर की डॉन 3 पिछले काफी वक्त से लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली डॉन 3 अपनी कास्टिंग को लेकर विवाद में फंस गई है। फिल्म में पहले रणवीर सिंह के लिए जाने और बाद में उनके फिल्म से बाहर होने के चलते, अब फरहान के प्रोडक्शन हाउस ने रणवीर पर हर्जाना देने का दावा किया है। मामला प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया तक भी पहुंच चुका है। डॉन 3 को एक महत्वपूर्ण फिल्म बताते हुए फरहान ने कहा कि फिल्म को बंद नहीं किया जाएगा। यह उन शानदार कहानियों में से एक है, जिसे मैं अब पर्दे पर उतारना चाहता हूं।

लाइफ Style



# अनीत

## शक्ति शालिनी के सेट से सामने आया नया लुक

अनीत पड्डा इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं, क्योंकि उनकी आने वाली फिल्म 'शक्ति शालिनी' की एक झलक सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। इस छोटे से वीडियो ने तुरंत सबका ध्यान खींचा है, खासकर उनके दमदार नए अवतार की वजह से, जो उनकी पहले की छवि से बिल्कुल अलग है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वीडियो के वायरल होने के बाद से इस प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा और भी बढ़ गई है। सैयारा (2025) में एक सिंपल और सहज किरदार निभाने के बाद अनीत शक्ति शालिनी के साथ एक कहीं अधिक मुश्किल रोल में नजर आने वाली हैं। फिल्म में उन्हें डबल रोल्स में दिखाया जाएगा- शक्ति, एक रक्षक शक्ति, और शालिनी, एक अधिक क्रूर और विनाशकारी व्यक्तित्व। हालांकि, फिल्म निर्माताओं ने कहानी को गुप्त रखा है, लेकिन उनके किरदारों के बीच का अंतर पहले ही चर्चा का विषय बन चुका है। वीडियो वायरल होने के बाद से ही इंटरनेट पर लोगों ने प्यार दिखाया है। सोशल मीडिया पर दर्शक उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं और अनीत को शुभकामनाएं और 'उन्हें और टीम को ढेर सारी बधाई जैसे कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, मैडॉक को उम्मीद है कि यह फिल्म अच्छी बनेगी। अनीत और टीम को शुभकामनाएं, कई लोगों ने वीडियो को शेयर करके भी इस पर गाने लगाए हैं। 2025 में अनीत पड्डा को आधिकारिक तौर पर शक्ति शालिनी की लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था, जिससे वह मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स के साथ भी जुड़ गईं। 21 अक्टूबर, 2025 को रिलीज हुई फिल्म थामा के पोस्ट-क्रेडिट सीन में पहली बार उनके किरदार की झलक दिखाई गई थी।

हॉलीवुड मसाला



# कॉन्सर्ट में होने वाला था हमला!

**लॉस एंजिल्स।** 2024 में ऑस्ट्रिया की राजधानी में टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट में जिहादी हमले की योजना बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। 21 साल के ऑस्ट्रियाई युवक को 2024 में सीआईए से मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। युवक पर वियना के दक्षिण में स्थित एक अदालत में मुकदमा चल रहा है। केवल बेरान ए नाम से पहचाने जाने वाले इस युवक को मंगलवार को हथकड़ियों में वियना न्यूस्टाड्ट स्थित अदालत में पेश किया गया, जहां उस पर आतंकवाद और अन्य अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।



# फास्ट फॉरएवर की तैयारी में जुटे विन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार विन डीजल ने फास्ट एंड फ्यूरियस की अपनी को-एक्ट्रेस जोर्डाना ब्रियुस्टर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। विन डीजल ने एक्ट्रेस के जन्मदिन पर साथ में तस्वीर साझा करते हुए एक दिल छू लेने वाला नोट भी साझा किया है। विन डीजल अपनी अगली फिल्म 'फास्ट फॉरएवर' की तैयारी कर रहे हैं। ये इस फ्रैंचाइजी की 11वीं मुख्य फिल्म और कुल मिलाकर 12वीं फिल्म है। द हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, यह फिल्म दो दशकों से अधिक समय से चल रही कहानी को समाप्त करने और 'फास्ट एक्स' द्वारा छोड़े गए सस्पेंस को सुलझाने की उम्मीद है। विन डीजर ने जोर्डाना ब्रियुस्टर के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में दोनों प्यार से एक-दूसरे के कंधे पर सिर रखे खड़े हैं।



# दूसरी प्रेग्नेंसी की ऐलान के बाद दिखीं...


**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने 19 अप्रैल को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था, जिससे फैंस खुशी से झूम उठे थे। अब वह पहली बार पब्लिक के बीच नजर आईं। साथ में रणवीर सिंह भी थे। दीपिका और रणवीर को साथ में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। दीपिका ने ब्लू कलर की ढीली-ढाली शर्ट पहनी थी, पर उसमें उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा था। वहीं, रणवीर गाड़ी से उतरने के बाद दीपिका को एयरपोर्ट तक संभालकर ले जाते थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह एयरपोर्ट पर पपाराजी को पोज देने के लिए नहीं रुके और सीधा अंदर चले गए। इस दौरान रणवीर, दीपिका को प्रोटेक्ट करते नजर आए। उन्होंने पहले दीपिका की गाड़ी से उतरने में मदद की और फिर कमर पर हाथ लगाकर एयरपोर्ट पर अंदर ले गए।



# दिलजीत ने जिमी को सिखाया भांगड़ा

**नई दिल्ली।** सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ की फैन फॉलोइंग ग्लोबल स्तर पर है। यही वजह है कि अब दिलजीत जिमी फैलन के 'द टुनाइट शो' में दो साल बाद वापसी करने जा रहे हैं। साल 2024 में दिलजीत ने 'द टुनाइट शो' में अपने डेब्यू से खूब सुर्खियां बटोरी थीं। अब फिर से इस शो में वापसी की घोषणा के बाद, दिलजीत का एक वीडियो वायरल है, जिसमें वो जिमी फैलन को भांगड़ा सिखाते नजर आ रहे हैं। ये एपिसोड 'द टुनाइट शो' के आगामी एपिसोड का है, जहां दिलजीत एक बार फिर अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम पर शो के स्टूडियो से एक वीडियो शेयर किया। शो के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने भी कुछ क्लिप शेयर किए, जिनमें दिलजीत के शो में लाए गए मस्ती भरे पलों की झलक दिखाई गई है।

टीवी मसाला



# स्प्लिट्सविला 16 की प्रतियोगी प्रीत के साथ हुआ हादसा...

**नई दिल्ली।** एमटीवी स्प्लिट्सविला सीजन 16 की प्रतियोगी प्रीत सिंह ने हाल ही में अपने साथ हुए एक हादसे के बारे में बताया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मुंबई के एक क्लब में उनके साथ मारपीट हुई। इसके बाद उनका एक दांत टूट गया और आंखें सूज गईं। स्प्लिट्सविला 16 से प्रीत को जल्द ही बाहर कर दिया गया। ऐसा तब हुआ जब वह विशु बजाज के साथ ओरेकल के पास गईं, लेकिन उन्हें आइडियल मैच घोषित नहीं किया गया, जिसके चलते उन्हें शो से एलिमिनेट होना पड़ा। इस शो को सनी लियोनी और करण कुंद्रा होस्ट करते हैं। इसे जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। इंस्टाग्राम पर प्रीत ने अपना एक वीडियो शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि उनकी आंखें सूजी हुई हैं। कैप्शन में, उन्होंने विस्तार से घटना के बारे में बताया है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा 'चेतावनी। मैंने हमेशा सुना है कि मुंबई लड़कियों के लिए सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। मगर, मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह मेरा स्वागत इस तरह करेगा। जब मैं यह लिख रही हूं, तब भी मैं कांप रही हूं। मेरी आंखें सूजी हुई हैं। मेरे चेहरे पर चोट के निशान हैं। मैं अभी भी यह समझने की कोशिश कर रही हूं कि आखिर हुआ क्या।' उन्होंने बताया कि उनके साथ क्या हुआ। उन्होंने लिखा, 'मैं बस एक क्लब में अपनी दोस्त के साथ बैठी समय बिता रही थी, तभी अचानक एक लड़की चिल्लाने लगी और सवाल करने लगी कि हमें अंदर आने की इजाजत कैसे मिली।

## जल्द ही समाप्त होने वाला है नागिन-7



**नई दिल्ली।** टीवी की क्वीन कही जाने वाली निर्माता एकता कपूर ने अपने हिट सुपरनेचुरल शो नागिन 7 को लेकर एक अहम अपडेट साझा किया है। उन्होंने पुष्टि की है कि मौजूदा सीजन जल्द ही समाप्त होने वाला है और अगले साल इसे फिर से शुरू करने की योजना है। नागिन 7 का फिनाले एपिसोड अब 7 जून को टेलीकास्ट होगा, उस दिन एकता कपूर का जन्मदिन भी है। मौजूदा सीजन में प्रियंका चाहर चौधरी मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में कहानी उनके किरदार से जुड़े एक गहन लव ट्रायंगल पर केंद्रित रही है। एकता कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में शो के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर बात करते हुए स्पष्ट किया कि सीजन को समाप्त करने का फैसला आंशिक रूप से शेड्यूलिंग की वजह से लिया गया है। उन्होंने कहा, 'नागिन को लेकर कुछ अपडेट देने आई हूं। दोस्तों, मैंने कल एक पोस्ट किया था और मुझे एहसास नहीं था कि हम अचानक शो खत्म करने वाले हैं।

# तीन दशक बाद साथ नजर आएंगे तब्बू और नागार्जुन

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार नागार्जुन ने अपनी 100वीं तेलुगु फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। फिल्म का नाम फिलहाल 'किंग 100' है। अब फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू भी शामिल हो गई हैं। तब्बू इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म के जरिए दशकों बाद तब्बू और नागार्जुन एक साथ किसी प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। तब्बू ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा करते हुए फिल्म से खुद के जुड़ने और शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी। तब्बू ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें फिल्म के टाइटल वाला क्लैपरबोर्ड एक काली कुर्सी पर रखा हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'और हम शुरू करते हैं किंग100।'इसके साथ ही तब्बू ने हैशटैग में नागार्जुन का नाम लिखा है और मेकर्स को मेंशन किया है।'किंग 100' के जरिए तब्बू और नागार्जुन लगभग 30 साल बाद साथ में वापसी कर रहे हैं। इससे पहले नागार्जुन और तब्बू साल 1996 में आई रोमांटिक फिल्म 'निन्ने पेल्लादाता' में साथ नजर आए थे। अब दर्शक तीन दशक बाद दोनों को एक ही फिल्म में देखने के लिए उत्साहित हैं। हालांकि, 'किंग 100' की कास्ट और क्रू व फिल्म की कहानी के बारे में अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। वर्कफ्रंट की बात करें तो तब्बू हाल ही में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' में नजर आई हैं। इस फिल्म में परेश रावल, राजपाल यादव और वामिका गब्बी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं। फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। वहीं, नागार्जुन को आखिरी बार पिछले साल आई रजनीकांत की तमिल एक्शन फिल्म 'कुली' में देखा गया था।



# इंस्पेक्टर से लेकर विलेन तक की निभाई भूमिका

**नई दिल्ली।** भरत कपूर ने फिल्मों में लीड एक्टर के अलावा साइड एक्टर के तौर पर काम किया। उन्होंने फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई। छोटे पर्दे पर भी उन्होंने अपना दबदबा बनाया। बॉलीवुड में 1970, 80 और 90 के दशक की कई फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता भरत कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। पिछले कुछ समय से भरत कपूर की तबीयत खराब चल रही थी। उनकी उम्र 80 साल थी।



### कैसे मिला फिल्मों में काम?

भरत कपूर का सफर संघर्षों से भरा रहा। वह थिएटर आर्टिस्ट थे। अभिनेता देव आनंद के भाई चेतन आनंद ने उन्हें फिल्मों में सबसे पहला ब्रेक दिया था। चेतन आनंद ने भरत को एक नाटक में अभिनय करते देखा था। उस नाटक का नाम था 'तनहाई'। भरत का अभिनय चेतन को पसंद आया। चेतन ने जब भरत को फिल्मों में काम करने का ऑफर दिया तो उन्होंने तुरंत स्वीकार कर लिया। भरत ने चेतन आनंद की दो फिल्मों हंसते जख्म और हिंदुस्तान की कसम में काम किया।

### लीड एक्टर के तौर पर

भरत कपूर ने अपने कॅरियर में एक ऐसी फिल्म की, जिसमें वह लीड रोल में थे। यह फिल्म गुप्त ज्ञान (1974) थी। यह फिल्म यौन शिक्षा पर आधारित थी। इसमें वह सेक्सोलोजिस्ट की भूमिका में थे। फिल्म काफी हिट रही थी। एक और फिल्म थी, जिसमें भरत ने हीरो का किरदार निभाया था। इसका नाम 'क्षितिज' था। हालांकि बतौर हीरो भरत कपूर को कामयाबी नहीं मिली।

### मुख्य फिल्में

बाजार (1982) में भरत कपूर ने अखतर हुसैन की दमदार भूमिका निभाई, जिसे आलोचकों ने सराहा। आखिरी रास्ता (1986) में उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ खलनायक का रोल किया, जिसे खूब पसंद किया गया। सोने पे सुहागा (1988) में उन्होंने प्रकाश का किरदार निभाया था, इससे उन्हें पहचान मिली। उन्होंने जंगल में मंगल (1972), दिल से मिले दिल (1978), पुलिस लॉक-अप (1995) और हिम्मतवर (1996) में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाई।

### खलनायक के रोल में मिली कामयाबी

भरत कपूर ने कई फिल्मों में अभिनय किया। हालांकि, उन्हें विलेन के किरदार में कामयाबी मिली। साल 1979 में आई यश चोपड़ा की फिल्म नूरी में भरत कपूर ने बतौर विलेन काम किया। इसमें उन्होंने बशीर खान का किरदार निभाया था, जिसके लिए उन्हें तारीफ मिली। भरत कपूर की यादगार फिल्मों में सोने पे सुहागा (1988), बलिदान (1985) और मीनाक्षी: टेल ऑफ 3 सिटीज (2004), बरसात (1995) और साजन चले ससुराल (1996) हैं।

## अगले 2 साल में रिलीज होंगी 12 फिल्में

# ये माइथोलॉजिकल फिल्में एआई के दम पर मचाएंगी धमाल

*नई दिल्ली। साल 2026 और 2027 सिनेमा के लिहाज से काफी अहम रहने वाला है। इस साल पहले चार महीनों में बॉर्डर 2, धुरंधर 2 और भूत बंगला जैसी फिल्मों ने कमाई के मामले में शानदार प्रदर्शन करके दिखाया है। अब साल के बाकी महीनों में भारतीय सिनेमा की तरफ से माइथोलॉजिकल जॉनर की मूवीज का दबदबा देखने को मिलेगा। जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वीएफएक्स टेक्नोलॉजी का एक अलग लेवल का इस्तेमाल नजर आएगा। ऐसे में आइए जानते हैं कि आने वाले अगले दो सालों में कौन-कौन सी मोस्ट अवेटेड 12 माइथोलॉजिकल मूवीज बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा।*



**रामायण पार्ट-1** : इसकी शुरुआत सुपरस्टार रणबीर कपूर की बहुचर्चित फिल्म रामायण पार्ट-1 से होगी, जिसका निर्देशन फिल्ममेकर नितेश तिवारी ने किया है। 8 ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाली वीएफएक्स कंपनी और हॉलीवुड स्टूडियो डीएनईजी रामायण में वीएफएक्स का काम संभाल रही है। दीवाली 2026 पर इस पौराणिक कहानी वाली फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

**चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल** : भारत की पहली एआई-पावर्ड पौराणिक फिल्म है, चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल का ऐलान बीते साल किया गया था। इतना ही नहीं 2 अप्रैल 2026 को हनुमान जयंती के अवसर पर इसकी रिलीज डेट भी फाइनल की गई थी। लेकिन, खबरों की मानें तो इस मूवी को आगे के लिए शेड्यूल कर दिया गया है।

**महावतार** : करीब दो साल पहले मैडॉक फिल्म्स की तरफ से विक्की कौशल स्टारर फिल्म महावतार की घोषणा की गई थी, जिसमें छावा एक्टर भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो महावतार को अगले साल थिएटर्स में रिलीज किया जा सकता है।

**जय हनुमान** : तेलुगू मूवी 'हनु-मैन की अपार सफलता के बाद मेकर्स ने इसके सीक्वल जय हनुमान का एलान किया था। माना जा रहा है कि इस मूवी की शूटिंग इसी साल शुरू होगी और 2027 में ये रिलीज की जाएगी। फिल्म में अभिनेता ऋषभ शेट्टी भगवान हननमान की भूमिका में नजर आएंगे। इस मूवी के लिए मोशन पिक्चर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा।

**महाकाली** : अभिनेता अक्षय खन्ना की अपकमिंग फिल्म भी माइथोलॉजिकल जॉनर से नाता रखती है। तेलुगु सिनेमा की पेशकश महाकाली को अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज किया जा सकता है।

**सीता- द इनकार्नेशन** : साल 2021 में अभिनेत्री कंगना रनौत ने फिल्म सीता- द इनकार्नेशन का आधिकारिक एलान किया था। इस मूवी की रिलीज का फैंस बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। अगले साल हो सकता है ये रिलीज की जाए।

**द्रौपदी** : बताया जा रहा है कि लेडी सुपरस्टार दीपिका पादुकोण का प्रोडक्शन हाउस महाभारत के लोकप्रिय पात्र द्रोपदी पर एक फिल्म बनाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, इसकी अनाउंसमेंट और रिलीज डेट की जानकारी आना बाकी है।

***कल्कि पार्ट 2*** *: साउथ सिनेमा के मशहूर फिल्ममेकर नाग अश्विन की मोस्ट अवेटेड मूवी कल्कि पार्ट 2 का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। अमिताभ बच्चन, कमल हासन और प्रभास स्टारर इस माइथोलॉजिकल और साइंस फिक्शन थ्रिलर का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। माना जा रहा है कि अगले साल ये साउथ मूवी बड़े पर्दे पर दस्त दे सकती है।*

***रामायण 2*** *: फिल्म रामायण को दो भागों में बनाया गया है। जिसका दूसरा भाग अगले साल दीवाली के मौके पर रिलीज के लिए शेड्यूल किया गया है, इसमें युद्ध कांड की कहानी को दर्शाया जाएगा।*

***महावतार परशुराम*** *: महावतार नरसिम्हा जैसी ब्लॉकबस्टर एनिमेटेड मूवी बनाने वाले होम्बले फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की अगली फिल्म एनिमेटेड माइथोलॉजिकल फिल्म का नाम महावतार परशुराम है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा हाल ही में हुई है। 3D एनिमेशन और एनीमे टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से बनी इस मूवी को अगले साल दिसंबर 2027 में रिलीज किया जाएगा।*



रेवाड़ी। कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्या सुनते डीसी व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन ने फूंका विरोध का बिगुल

# पुलिस सुरक्षा व एचवीपीएनएल के पुनर्गठन की मांग पर प्रदर्शन

### जिला मुख्यालय पर कार्य बहिष्कार कर 2 घंटे जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बिजली चोरी पकड़ने पर पुलिस सुरक्षा और एचवीपीएनएल के पुनर्गठन की मांग ने तूल पकड़ लिया है। बिजली निगम प्रशासन की चुप्पी के विरोध में हरियाणा पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन यानि एचपीईए ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। एसडीओ उचाना और दादरी मामले में कार्रवाई न होने से इंजीनियरों में भारी रोष है। एसोशिएशन ने मंगलवार को सभी जिला मुख्यालयों पर गेट मीटिंग करके विरोध प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के प्रधान एक्सईएन धर्मेंद्र रुहिल के नेतृत्व में मंगलवार को जिला मुख्यालय पर इंजीनियर्स ने कार्य का बहिष्कार कर 2 घंटे का प्रदर्शन किया।




रेवाड़ी। जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते पॉवर इंजीनियर्स। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल से जारी शांतिपूर्ण विरोध के बावजूद निगम प्रशासन गंभीर मुद्दों पर मौन है। उन्होंने उत्पीड़न पर रोक लगाने और सुरक्षा देने की मांग की। उन्होंने बिजली चोरी रोकने पर प्रताड़ित किए गए एसडीओ उचाना और जोजो तनेजा का तबादला रद्द करने की मांग की, साथ ही, दादरी में एसडीओ गौरव को धमकाने वाले आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी पकड़ने जाने वाली टीमों को पर्याप्त पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 से लंबित एचवीपीएनएल की रिस्ट्रक्चरिंग को तुरंत लागू किया जाए। वर्तमान में बने नए सब-स्टेशनों के अनुसार पदों का सृजन और लिंकअप भी अनिवार्य है ताकि फील्ड का कार्य सुचारू रूप से चल सकें। हांसी, दादरी और नूंह में एसई के रिक्त पदों को भरा जाए। वर्ष 2019-20 से लंबित नई डिवीजनों को तुरंत सृजित किया जाए। हरियाणा पॉवर यूटिलिटीज में खाली हो रहे तकनीकी निदेशकों के 5 पदों पर एड-हॉक एक्सटेंशन के बजाय नियमित नियुक्तियां की जाएं।

#### हठधर्मिता नहीं छोड़ी तो पूर्ण कार्य बहिष्कार करेंगे

एसोसिएशन महासचिव कविन्द्र यादव ने चेतावनी दी कि यदि निगम प्रबंधन ने हठधर्मिता नहीं छोड़ी, तो विरोध को पूर्ण कार्य बहिष्कार में बदल दिया जाएगा। एसोसिएशन के स्टेट अध्यक्ष पुनीत कुंडू और महासचिव रविंद्र घनघस ने प्रदेश के सभी पॉवर इंजीनियर्स से अपनी एकता और सम्मान की रक्षा के लिए जुटने का आह्वान किया है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अनीश कुमार एक्सईएन, गौतम वशिष्ठ एएई, कविन्द्र यादव एएई, माधव राव एएई, प्रीक्षित एसडीओ, विपिन यादव एसडीओ, अजाज अहमद एसडीओ, पवन एसडीओ, धर्मेंद्र एसडीओ, मुकेश कुमार एसडीओ, मनीष कुमार एसडीओ व नरेश एसडीओ मौजूद थे।

## गोठड़ा अहीर में रात्रि ठहराव, ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर पहुंचाई राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला प्रशासन की ओर से गांव गोठड़ा अहीर में सोमवार को रात्रि ठहराव जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीसी अभिषेक मीणा ने एसपी हेमेंद्र मीणा व एसडीएम सुरेश कुमार सहित विभागीय अधिकारियों के साथ ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और जन समस्याओं को सुनते हुए मौके पर ही राहत पहुंचाई। डीसी ने गांव के विकास से जुड़े ग्रामीणों के सुझावों को भी सुना। गांव में पहुंचने पर सरपंच सुरेंद्र सिंह सहित ग्रामीणों ने डीसी व एसपी का अभिवादन किया। इस मौके पर डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा लोगों के घर द्वार पर पहुंचकर उनकी समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया जा रहा है। रात्रि ठहराव कार्यक्रम का सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में गोठड़ा अहीर गांव के अलावा आसपास के गांवों से आए ग्रामीणों ने डीसी के समक्ष शिकायतें रखी। इन शिकायतों में प्लॉट और गांव की फिरनी से अवैध कब्जा हटवाने, सड़क दुरुस्त कराने, बीपीएल कार्ड बनवाने, पेंशन बनवाने सहित पुलिस और बिजली से संबंधित मामले शामिल थे। डीसी ने अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान कराने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि कई समस्याओं का निवारण स्थानीय स्तर पर आपसी भाईचारे से भी संभव होता है। ऐसे में ग्रामीण एकजुटता के साथ ग्रामीण विकास में सहभागी बनते हुए ऐसी समस्याओं का स्वयं निपटान कराकर भाईचारे की मिसाल कायम करें।

#### ग्राम सचिवालय और राजकीय पशु औषधालय का लिया जायजा

डीसी ने गांव गोठड़ा अहीर में अमर शहीद आशीष यादव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। वहीं राजकीय पशु औषधालय, ग्राम सचिवालय, डाक घर, उप स्वास्थ्य केंद्र, लाइब्रेरी, पटवार घर और राशन डिपो का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालय में साफ-सफाई सहित अन्य समस्त व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी।

## जल संचयन के संरक्षण के लिए सक्रियता से कार्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जल संचय जन भागीदारी अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण एवं भूजल पुनर्भरण से संबंधित विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी पूरी सक्रियता से निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार अधिक से अधिक जल संरक्षण संरचनाओं पर कार्य करें। डीसी अभिषेक मीणा ने मंगलवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने जल संचय जनभागीदारी कार्यक्रम के तहत भूजल प्रबंधन के अंतर्गत जिला स्तर पर चल रहे कार्यों की जानकारी ली। डीसी ने कहा कि जिले में भूजल स्तर सुधारने के लिए छोटे-छोटे रिचार्ज स्ट्रक्चर, तालाबों का जीर्णोद्धार व वर्षा जल संचयन जैसी संरचनाओं का निर्माण किया जाना आवश्यक है। डीसी ने विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित जल संरक्षण कार्यों का विवरण जल संचयन जनभागीदारी (जेएसजेबी-2.0) पोर्टल पर अपलोड करें। डीसी ने वर्षा जल संचयन, उपचारित जल के पुनः उपयोग, फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती तथा तालाबों के पुनर्जीवन जैसे कार्यों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में सिंचाई विभाग व नगर परिषद सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## पंच पर जानलेवा हमले का सातवां आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीआईए निरीक्षक सुमेर सिंह की टीम ने वर्ष 2022 में गांव औलांत के तीन घरों में चोरी करने और पीछा करने पर पंच पर गोली चलाने की वारदात में शामिल तीन साल से फरार चल रहे एक और वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस इस मामले में 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

29 अक्टूबर 2022 को गांव औलांत निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस शिकायत में बताया था कि सुबह के समय करीब 3 बजे उन्हें अपने घर के दूसरे कमरों से आवाज सुनाई दी। इसके बाद उनकी आंख खुल गई और उन्होंने देखा कि दो लड़के कमरे में रखे बक्से को चोरी करके ले जा रहे हैं। इस पर उन्होंने शोर मचाया तो उसका बेटा भी उठ गया। इसके बाद उन्होंने चोरों का पीछा किया तो दो और इनके साथी बाहर खड़े हुए थे।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

जब चारों बक्से को लेकर भागने लगे तो उन्होंने शोर मचा दिया। जब विजय पंच के घर के पास गुजरने लगे तो शोर की वजह से वह भी जाग गए और उन्होंने भी पीछा करना शुरू कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने बक्से को साइड में फेंक दिया और विजय पंच पर पीछा करने के कारण उस पर फायर कर दिया। इसके बाद आरोपी बक्से में रखे हुए 40 हजार रुपए की नकदी सहित अन्य जेवरात चोरी कर ले गए। आरोपियों ने इससे पहले रविंद्र और महेश कुमार के मकान में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना खोल में मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

#### बासदुधा में भी की थी वारदात

पुलिस जांच में पता चला था की मामले में संलिप्त सभी आरोपियों ने दिनांक 14 फरवरी 2023 को गांव बासदुधा निवासी अमित कुमार के घर पर भी कुल्हाड़ी और देशी पिस्टल के बल पर लूट का प्रयास किया गया था। इस दौरान आरोपियों ने गोलियां भी चलाई जिसके बाद वह फरार हो गए थे। जो इस मामले सीआईए रेवाड़ी ने तीन साल से फरार चल रहे एक और वांछित आरोपी मध्यप्रदेश के जिला मुरैना के अम्बाह निवासी हरिओम को भी गिरफ्तार कर लिया।

## प्लास्टिक दाना चोरी मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कसोला पुलिस ने बावल आईएमटी की एक कंपनी का लगभग 11 लाख रुपये का प्लास्टिक दाना कबाड़ी को बेचने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। 23 मार्च को आईएमटी बावल की एक कंपनी के एचआर मैनेजर अंकुर ने अपनी शिकायत में बताया था कि उनकी कंपनी में गत 13 मार्च को प्लास्टिक दाना आया था। प्लास्टिक दाना कंपोनेंट बनाने के लिए दूसरी कंपनी के लिए भेजा गया था। जिस गाड़ी में प्लास्टिक दाना भेजा गया, उसे चालक प्रवीन चला रहा था। 18 मार्च को उसे पता चला कि प्लास्टिक दाना दूसरी कंपनी में पहुंचा ही नहीं। पूछताछ के दौरान पता चला की कंपनी के ही कर्मचारी उपकार के कहने पर प्लास्टिक दाना पुनीत नाम के कबाड़ी को बेच दिया गया। इस कार्य में पंकज नाम के युवक भी भूमिका भी रही है। जिस पर पुलिस ने थाना कसौला में मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त दो आरोपी जिला गुरूग्राम के गांव जोड़ी खुर्द निवासी श्यामसुंदर व प्रवीन कुमार को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जो इस मामले में पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी वार्ड नं 3 बावल निवासी पुनीत को भी गिरफ्तार कर लिया। मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## गांव सुर्खपुर में 40 लोगों ने शिविर में किया रक्तदान



कोसली। क्षेत्र के गांव सुर्खपुर में आमजन सेवा संगठन एवं रोटरी क्लब गाजियाबाद के सहयोग से मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्त एकत्रित करने के लिए रोटरी ब्लड बैंक दिल्ली के डॉक्टर अनुज उपाध्याय की टीम मौजूद रही। संगठन से सुखबीर छव्वा ने बताया कि शिविर में महिलाओं सहित 40 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान किए गए रक्त की एक-एक बूंद जरूरतमंद के जीवन को बचाने का काम करती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को इस पुण्य कार्य में भागीदारी करनी चाहिए। शिविर में सरपंच रमेश, सुभाष शर्मा, ओमप्रकाश, अनिल यादव, विद्यानंद, महेश यादव, महेंद्र यादव, सुरेंद्र यादव एवं नागेश शर्मा मौजूद थे।

## सोमाणी कॉलेज में वार्षिक समारोह और कवि सम्मेलन एक मई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोमाणी कॉलेज में 1 मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर वार्षिक समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से रात्रि 8 बजे तक होगा। मंगलवार को सैंड पाइपर में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रो. सोनम वर्मा, प्रो् रक्षपाल सिंह राजावत व प्रो. विवेक चौहान ने बताया कि आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से अनेक गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। कार्यक्रम में दिल्ली से सांसद रहे जयप्रकाश अग्रवाल, हरियाणा से सांसद संजय भाटिया, सांसद वरुण मुलाना, गुजरात से सांसद पुरुषोत्तम रूपाला और हरियाणा के पूर्व मंत्री कैलाश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इनके अतिरिक्त दिल्ली से विधायक पवन शर्मा, भावना गौड़ पूर्व विधायक, उत्तर प्रदेश से विधायक अमित अग्रवाल, राजस्थान से विधायक मामन सिंह, विधायक धर्मपाल इंजीनियर, पूर्व मंत्री डा. जितेंद्र चौधरी, मध्य प्रदेश से विधायक राकेश मावी, हरियाणा से पूर्व विधायक सीताराम, मंजू मूलाराम विधायक, उमेश अग्रवाल पूर्व विधायक, विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, पलवल से सुभाष कत्याल पूर्व मंत्री भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। कवि सम्मेलन में एडवोकेट प्रेमपाल अनपढ़, आलोक भाड़ोरिया, प्रो. लाज कौशल, करुणायादव, डा. आरती सिंह, डा. जोगेंद्र मोर एडवोकेट और चेतना कवि आगरा अपनी काव्य पाठ रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाएंगे। वार्षिक समारोह में मेधावियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## रेडक्रॉस सोसायटी के रक्तदान शिविर में 65 यूनिट ब्लड एकत्रित

रेवाड़ी। डीसी एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन व सचिव बिजेंद्र सौरोत के नेतृत्व में मंगलवार को रेडक्रॉस कार्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्यअतिथि एसडीएम सुरेश कुमार ने किया। इस मौके पर एसडीएम सुरेश कुमार ने कहा कि रक्त शरीर के अंदर ही बनता है। इसे अन्य किसी भी तरह एक उत्पाद की तरह नहीं बनाया जा सकता। युवा वर्ग को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए ताकि रक्त के अभाव में किसी भी मनुष्य की मौत न हो। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी की भी जान बचा सकता है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया। जिला रेडक्रास सोसायटी सचिव बिजेंद्र सौरोत ने कहा कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना तथा आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी प्रेम प्रकाश तथा सदस्य प्रबंधकीय समिति मनोज गोयल ने भी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। शिविर में विशेष रूप से प्राथमिक चिकित्सा के प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढकर रक्तदान किया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में सामान्य अस्पताल की टीम ने 65 यूनिट रक्त एकत्रित किया। रक्तदान शिविर में सतीश धीमान, हरीश कुमार, मोनिका, राजकुमार, कविता सरकार, प्राथमिक सहायता प्रवक्ता, ब्लड बैंक की टीम एवं रेडक्रॉस स्टाफ के सभी कर्मचारी मौजूद थे।

## विंटेज कार में भ्रमण, फिर शिव मंदिर में देवी-देवताओं की हुई प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर की दुर्गा कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में मंगलवार श्रद्धा और उत्साह के साथ राम दरबार, मां दुर्गा, राधा-कृष्ण और बजरंगबली महाराज सहित विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियों की विधिवत रूप से प्राण प्रतिष्ठा की गई। यह आयोजन पूर्व गुरु रुखसार के संयोजन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम से पूर्व सोमवार रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। मंगलवार सुबह श्रद्धालुओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। इस दौरान श्रद्धालुओं ने देवी-देवताओं की मूर्तियों को विंटेज कार में भ्रमण कराया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और जयकारों से माहौल भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा के बाद पंडित विवेक शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा की संपन्न कराई। मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन ने क्षेत्र में धार्मिक आस्था, एकता और उत्साह का संदेश दिया। मंदिर के प्रधान अशोक शर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मोना गुरु, जैकी गुरु, राजेंद्र यादव उर्फ पप्पू, मोनू शर्मा, देवेंद्र कौशिक, रजनीश भारद्वाज, राज यादव और ललित जांगड़ा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।



रेवाड़ी। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व विंटेज कार में शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु।

**सलाह** भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए कौशल विकास जरूरी

# तकनीकी क्षेत्र ही नहीं, हर उद्योग की तस्वीर बदल रहा एआई

- आईजीयू में 'प्रोफेशनल स्किल्स एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय पर हुआ ऑनलाइन कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की ओर से 'प्रोफेशनल स्किल्स एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन सेमिनार सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राव मोहर सिंह चेयर एवं इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में प्रो. सविता श्योराण ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का अभिनंदन करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों और विषयवस्तु का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोफेशनल स्किल्स तथा एआई के व्यावहारिक उपयोग से अवगत कराना है, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार, शोध एवं व्यावहारिक ज्ञान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने ऐसे आयोजनों को छात्रों के समग्र विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक एआई वैश्विक अर्थव्यवस्था में लगभग 15.7 ट्रिलियन डॉलर का योगदान देने की क्षमता रखती है। वर्तमान समय में विश्वभर के 75 प्रतिशत से अधिक संस्थान एआई तकनीकों में निवेश कर रहे हैं, जो इसके बढ़ते प्रभाव और उपयोगिता को दर्शाता है। उन्होंने उल्लेख किया कि आने वाले वर्षों में एआई का बाजार आकार 2027 तक 7 से 10 ट्रिलियन डॉलर के बीच पहुंचने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि एआई ज्ञान-आधारित कार्यों में उत्पादकता को लगभग 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ाने में सहायक हो सकती है।



रेवाड़ी। कार्यशाला में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

आईजीयू के कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें उद्योग के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में संचार कौशल, टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता एवं समस्या समाधान कौशल अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वर्तमान दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस न केवल तकनीकी क्षेत्र में बल्कि हर उद्योग में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में एआई एवं अन्य नवीनतम तकनीकों के बढ़ते उपयोग के कारण अधिक पेशेवर एवं विविध रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्य वक्ता डिम्पल ने प्रोफेशनल स्किल्स की आवश्यकता, इंटरव्यू की तैयारी, व्यक्तित्व विकास एवं उद्योग की वर्तमान मांगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को इंफोसिस स्प्रिंगबोर्ड पर रजिस्ट्रेशन की पूरी प्रक्रिया भी समझाई। साथ ही, उन्होंने इस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध विभिन्न कोर्सों की संख्या, उनके लाभ तथा सर्टिफिकेशन प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन कोर्सों से प्राप्त ज्ञान एवं प्रमाणपत्र प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार प्राप्त करने में किस प्रकार सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उभरते रुझानों और उसके वास्तविक जीवन में बढ़ते अनुप्रयोगों पर भी प्रकाश डाला। साथ ही विद्यार्थियों को एआई आधारित टूल्स के प्रभावी उपयोग के माध्यम से अपनी कार्यक्षमता और नवाचार क्षमता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष प्रो. सतिंदर बल ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय एवं उससे संबद्ध महाविद्यालयों के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। ऑनलाइन कार्यशाला में विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी और कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के गैर-शिक्षक कर्मचारी शामिल हुए।

## दयाराम नगर के पास डिवाइडर पर चढ़ा ट्रक, यातायात हुआ बाधित

धारूहेड़ा। नंदरामपुर बास रोड स्थित दयाराम नगर के पास एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल बच गया। खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र की ओर से आ रहा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। गनीमत यह रही कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई, ट्रक सड़क के बीचों-बीच खराब होकर खड़ा रह गया, जिससे लंबे समय तक यातायात बाधित रहा और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि दयाराम नगर के मोड़ पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इस सड़क पर कई निजी स्कूल स्थित हैं, जिनकी बसों और अन्य वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण जाम और हादसों की स्थिति बनी रहती है।

**सूचना**

मैं, सुमित्रा देवी (आधार न० 3251 2648 4457) पत्नी श्री कल्याण सिंह निवासी मोजा नाहड़ उपतहसील नाहड़ जिला रेवाड़ी बयान करती हूं कि मेरे वोटर कार्ड में मेरा नाम गलती से सुमन दर्ज है जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम सुमित्रा देवी है। जो कि मेरे सभी आई डी प्रुफ में भी दर्ज है। यह सूचना मेरे वोटर कार्ड में मेरा नाम सुमन के स्थान पर सुमित्रा देवी कराने के लिए है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुमरोधा दिनांक 18.05.2026 को सुबह 11 बजे आम धर्मशाला में अपने दो जोहड़ों (दादा भैया व धीरवाल) को 7 वर्ष हेतु नीलाम करने जा रही है। बोली की शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी। इच्छुक बोलीदाता मौके पर पहुंचे।

हस्ता/- सुरेश देवी, सरपंच,
ग्राम पंचायत कुमरोधा, ब्लॉक डहीना
सम्पर्क सूत्र 9813990566, 9813922839

सरकारी अस्पताल प्रशासन ने बताया...यहां भी डॉक्टर के रूप में भगवान, गोल्डन पीरियड में थ्रोम्बोलाइसिस देकर बचाई जान

# तुरंत उपचार से ब्रेन स्ट्रोक के मरीज को दिया नया जीवन, स्थाई विकलांगता के खतरों को भी टाल दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अलग खबर

धनिया गांव निवासी लगभग 45 वर्षीय बिजेंद्र अचानक शरीर के बाएं हिस्से में कमजोरी आने और चलने-फिरने में असमर्थता की शिकायत के साथ उपचार के लिए सामान्य अस्पताल पहुंचा था। डॉक्टरों ने ब्रेन स्ट्रोक के लक्षण मानते हुए उसे तुरंत इमरजेंसी में दाखिल किया। इसके बाद मरीज की तुरंत एनएससीसीटी हेड की जांच कराई गई, जिसमें मस्तिष्क में स्ट्रोक की पुष्टि हुई। डॉक्टरों ने उसका तुरंत उपचार शुरू करते हुए उसे नया जीवन देने का करिश्मा कर दिखाया। इससे यह साबित हो गया कि सरकारी अस्पताल में भी 'भगवान' के रूप में डॉक्टर अपने नैतिक दायित्व को निष्ठा के साथ निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ती। मरीज को ब्रेन स्ट्रोक की पुष्टि होते ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने गोल्डन पीरियड में थ्रोम्बोलाइसिस उपचार शुरू किया। उसके बाद लगभग 20 मिनट में ही मरीज की स्थिति में व्यापक सुधार महसूस किया जाने लगा। प्रभावित अंगों ने फिर से कार्य करना शुरू कर दिया। लगभग एक घंटे के अंतराल में मरीज के शरीर और सभी अंगों में पूर्व रूप से शक्ति का संचार हो गया।


अस्पताल में उपचार के बाद मरीज।

### स्ट्रोक के लक्षणों को न करें नजरअंदाजः डा. मनीष



वरिष्ठ फिजिशियन डा. मनीष यादव एबीबीएस, एमडी ने बताया कि ब्रेन स्ट्रोक एक मेडिकल इमरजेंसी है, जिसमें हर मिनट बेहद महत्वपूर्ण होता है। यदि मरीज को समय रहते गोल्डन पीरियड के भीतर थ्रोम्बोलाइसिस दिया जाए, तो जीवन बचाने के साथ-साथ स्थाई विकलांगता से भी बचाव संभव है। इस केस में मरीज को समय पर अस्पताल लाया गया, जिससे तुरंत उपचार शुरू कर सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुआ। आमजन स्ट्रोक के लक्षणों को नजरअंदाज न करें और तुरंत नजदीकी अस्पताल में उपचार लें।

### अस्पताल की सुविधाओं का परिणामः पीएमओ



पीएमओ डा. सुरेंद्र यादव ने कहा कि यह सफल उपचार नागरिक अस्पताल में उपलब्ध उन्नत जांच सुविधाओं, प्रशिक्षित चिकित्सा विशेषज्ञों एवं मानक उपचार प्रोटोकॉल के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है। अस्पताल में आपातकालीन सेवाएं 24 घंटे सक्रिय हैं, ताकि गंभीर मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा सकें।

#### ये लक्षण हो तो तुरंत अस्पताल पहुंचे

पीएमओ ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति में शरीर के किसी एक हिस्से में अचानक कमजोरी, बोलने में कठिनाई, चेहरे का एक तरफ झुक जाना, चलने या संतुलन बनाने में परेशानी के दिखाई दे तो ये ब्रेन स्ट्रोक के लक्षण हो सकते है। ऐसे में मरीज को तुरंत अस्पताल ले जाए। समय पर उपचार से ब्रेन स्ट्रोक के मरीज का जीवन बचाया जा सकता है तथा स्थाई विकलांगता से भी बचाव संभव है।

#### हालत में सुधार देखकर मिली उम्मीद

मरीज की अटेंडेंट विकी रानी ने कहा कि वे मरीज की अचानक तबीयत बिगड़ने पर घबरा गए थे, लेकिन नागरिक अस्पताल में डॉक्टरों, स्टाफ एवं प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जांच और उपचार शुरू किया। बहुत ही कम समय में मरीज की हालत में सुधार देखकर नई उम्मीद मिली।

देश में अंगदान करने वाले लोगों का प्रतिशत प्रति 10 लाख आबादी पर 0.65 प्रतिशत के आसपास

# अंगदान के यज्ञ में आहूति डालने को तैयार मंत्री समर्थक चलाएंगे शपथ पत्र की मुहिम

▶▶| कैबिनेट मंत्री के प्रयासों पीजीआईएमएस रोहतक में एक माह में तीन अंगदान

▶▶| प्रदेश को अंगदान के मामले में देश में नंबर वन बनाने की मुहिम होगी तेज

मौत अटल है, लेकिन हम तय कर सकते हैं कि हमारी मौत भी किसी के जीवन का कारण बने


रेवाड़ी। रोहतक पीजीआई से ऑर्गन एयरलिफ्ट करने का फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरिभूमि सरोकार

अंगदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने जो मुहिम शुरू की है, उसे उनके समर्थक शीर्ष की ओर ले जाने के लिए तैयार हैं। आरती समर्थकों ने अब अंगदान के लिए शपथ पत्र भरने की मुहिम तेज करने का निर्णय लिया है, ताकि हरियाणा को अंगदान के मामले में देश में नंबर वन राज्य बनाया जा सके। आरती समर्थकों ने अंगदान के लिए लोगों को तैयार करने की दिशा में अभियान चलाने का निर्णय लिया है, ताकि इससे अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सके।

देश में अंगदान करने वाले लोगों का प्रतिशत प्रति 10 लाख आबादी पर 0.65 प्रतिशत के आसपास है। प्रदेश में यह और भी कम 0.5 प्रतिशत के आसपास बना हुआ है। कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव ने स्वास्थ्य एवं मेडिकल एजूकेशन रिसर्च विभाग संभालने के बाद प्रदेश में अंगदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने शुरू कर दिए थे, जो अब रंग लाने लगे हैं। उन्होंने मंत्री पद संभालते ही सबसे पहले इस मुहिम को अपना मिशन बनाने की ठानी थी। उन्होंने कहा था कि मौत अटल है, लेकिन हम तय कर सकते हैं कि हमारी मौत भी किसी के जीवन का कारण बने। यही सोच लेकर वे कार्य कर रही थी गत दिनों आरती राव के पीजीआई रोहतक के दौरे पर उन्होंने अंगदान को बढ़ावा देने ले लिए चिकित्सकों को प्रोत्साहित किया ओर उन्हें आमजनता का जीवन बचाने की अपील की। आरती राव के प्रोत्साहन का ऐसा असर हुआ कि पीजीआईएमएस रोहतक में एक महीने में रिकॉर्ड तीन अंगदान हुए। हरियाणा प्रदेश ने पहली बार अंग एयरलिफ्ट करवाकर एक इतिहास बना दिया।

### जनआंदोलन के रूप में दिया बढ़ावा



आरती राव ने मंत्री बनने के बाद न सिर्फ नीतियां बदलीं, बल्कि खुद इस मुहिम को जन-आंदोलन बनाया। मंत्री आरती राव ने अंगदान को फाइलों से निकालकर हर घर तक पहुंचा दिया। नतीजा सभी के सामने है कि पीजीआईएमएस में हेलीकॉप्टर से किडनी चंडीमंदिर पहुंची, लिवर से दो जिंदगियां बचीं, कॉर्निया से दो लोगों को रोशनी मिली। यह सब आरती राव की स्वस्थ हरियाणा, सक्षम हरियाणा की सोच का असर है।

### युवाओं के साथ मिलकर चलाएंगे मुहिम



इंसाफ मंच के आजीवन सदस्य अनिल रायपुर ने आरती सिंह राव के अंगदान को बढ़ाना देने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जो मुहिम उन्होंने शुरू की है, वह उसे गति प्रदान करने के लिए युवाओं को शामिल करेंगे। युवाओं की टीम लोगों को अंगदान के महत्व के बारे में बताते हुए उनसे शपथ पत्र हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि मंत्री के प्रयासों का नतीजा आने वाले दिनों में उस समय सामने आएगा, जबकि प्रदेश अंगदान के मामले में देश में नंबर वन बनेगा।

### प्रदेश की हर चौपाल बनेगी पाठशाला

प्रदेश में स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन हरियाणा के माध्यम से एनजीओ और अपने-अपने स्तर पर कैंप लगाए जाएंगे। पंचायत स्तर पर चौपालों में आमजन को अंगदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। युवा टोलियां गांव-गांव जाकर बताएंगी कि एक ब्रेन डेड व्यक्ति 8 लोगों को नई जिंदगी दे सकता है। बुजुर्ग अपने अनुभव से समझाएंगे कि जो शरीर चिता में जल जाना है, अगर उससे किसी का जीवन बच जाए तो इससे बड़ा धर्म कोई नहीं।

### जागरूकता जरुरी

आमजन के सहयोग से लोगों को समझाया जाएगा कि मरने के बाद भी अमर कैसे हुआ जाता है। गीता कहती है 'नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि' शरीर तो वस्त्र है। पुराना वस्त्र त्यागकर नया धारण करना ही जीवन है। अगर हमारे अंग किसी के काम आ जाएं, तो इससे बड़ा मोक्ष कुछ नहीं होगा। इसके लिए जागरूकता मुहिम को तेज से आगे बढ़ाया जाएगा।

# वालीबॉल में लड़कों में अर्जन सदन और लड़कियों में कारगिल सदन ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड


रेवाड़ी। वालीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेते कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

गांव गोठड़ा अहीर स्थित सैनिक स्कूल में अंतरसदनीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, वहीं उप प्राचार्या स्क्वाड्रन लीडर वंदना चौधरी व वरिष्ठ अध्यापक गजेंद्र सिंह चौहान भी मौजूद थे। विद्यालय के सुब्रतो, अर्जन, मानेकशॉ, कटारी, करियप्पा व परेरा छह सदनों के मध्य लीग मैच हुए, जिसमें अर्जन सदन व सुब्रोतो सदन फाइनल में पहुंचे। कांटे के मुकाबले में अर्जन सदन ने सुब्रोतो सदन को 2-1 से हराकर वालीबॉल ट्रॉफी पर कब्जा किया। वहीं बालिका वर्ग में कारगिल सदन ने रेजांगला सदन को 2-0 से हराकर जीत दर्ज की। मुख्यातिथि ने विजेता कैडेट्स को पदक व प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत। प्रतियोगिता में कैडेट नितिन करियप्पा सदन बेस्ट प्लयेर चुने गए। कैडेट गीतेंद्र मैचों के कैडेट आयोजक थे। कैडेट देवांजली व कैडेट देव ने उद्घोषक की भूमिका निभाई। एपीटीसी पीटीआई हवलदार सूरज सिंह बिष्ट ने निर्णायक, कोच गजेंद्र व कुमारी नचिता पीटीआई ने सहायक की भूमिका निभाई।

इस मौके पर प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में खेल भावना और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की जाती हैं। खेलों के माध्यम से छात्रों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है और उनमें संघर्ष व जीत की भावना जन्म लेती है। यह शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग है। इससे कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने कैडेट्स की खेल भावना व अनुशासन की भी प्रशंसा की। उन्होंने प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना की। प्रतियोगिता प्रभारी गौरव उपाध्यक्ष टीजीटी गणित थे। इस अवसर पर सैनिक स्कूल का समस्त स्टाफ व कैडेट्स मौजूद थे।

### जिले में एचआर 36-ए एक्स की नई सीरीज शुरू

**रेवाड़ी।** एसडीएम एवं रजिस्ट्रिंग अथॉरिटी एमवी सुरेश कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से वाहन चालकों के लिए 28 अप्रैल से नई सीरीज एचआर 36-ए एक्स शुरू हो गई है। ऐसे में कोई भी वाहन चालक नई सीरीज में मनपसंद नंबरों के लिए परिवहन सेवा पोर्टल पर ऑनलाइन ऑक्शन में भाग ले सकता है। उन्होंने बताया कि वाहन चालक नए रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन ऑक्शन के आधार पर नई सीरीज में अपनी पसंद का नंबर प्राप्त कर सकता है, जिसके लिए निर्धारित राशि का भुगतान करना होगा।

## न्यूज डायरी

### पुलिस ने रोहिंग्या व बांग्लादेशियों की पहचान के लिए चलाया सर्च अभियान



**रेवाड़ी।** जिला पुलिस ने मंगलवार को स्वैत टीम के साथ थाना खोल व मॉडल टाउन क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से रहने वाले रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों का पता लगाने के लिए सर्च अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस ने अनेक स्थानों पर झुग्गी-झोपड़ियों, होटल, पोल्ट्री फार्म व अन्य स्थानों पर संदिग्ध लोगों की जांच की। इस दौरान पुलिस टीम ने बाहरी श्रमिकों की जानकारी लेकर उनके पहचान पत्रों व वाहनों के कागजातों की भी जांच की। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिले अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं है। जिला पुलिस ने बाहरी लोगों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है और आगे यह अभियान लगातार जारी रहेगा। एसपी ने कहा कि जिले में सुरक्षा को लेकर जो भी लोग बाहर से आकर रह रहे हैं, उनकी पहचान होना अत्यंत आवश्यक है।

### प्रदेश इकाई का संगठन मंत्री नियुक्त किए जाने पर रामभगत जांगिड़ सम्मानित



**कोसली।** कोसली रेलवे स्टेशन क्षेत्र की विश्वकर्मा कॉलोनी निवासी जांगिड़ समाज के प्रधान रामभगत जांगिड़ को अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की प्रदेश इकाई का संगठन मंत्री नियुक्त किए जाने पर समाज की ओर से सम्मानित किया गया। मास्टर मोतीलाल की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में नवनियुक्त संगठन मंत्री ने अपनी नियुक्ति के लिए अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के रामपाल शर्मा व प्रदेश ईकाई के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद जांगिड़ तथा जिला प्रधान कैलाश शर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे तथा समाज को साथ लेकर चलेंगे। इस मौके पर ब्लॉक प्रधान सोमवीर सिंह, बशेसर, रविंद्र कुमार, जगदीश जांगिड़, अनिल कुमार, अमित कुमार, बलवान सिंह, चंद्र सिंह, चंद्रशेखर, सतीश कुमार, राम निवास शास्त्री, बाबूलाल, योगेश कुमार, प्रवीण कुमार व सुरेंद्र कुमार मौजूद थे।

### वकील के साथ गाली-गलौज करने पर केस दर्ज

**कोसली।** लिलोढ गांव के एक अधिवक्ता ने झज्जर जिले के बिरड़ गांव के एक व्यक्ति पर व्हाट्सअप काल कर गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में कोसली थाने में मामला दर्ज करवाया है। अधिवक्ता नरेंद्र ने कहा कि उनके भतीजे जतिन ने तीन माह पूर्व बिरड़ गांव के रामबीर उर्फ सोमबीर को दो लाख रुपये दिए थे। उन्होंने पैसे वापस लेने के लिए जब रामबीर से सम्पर्क करने का प्रयास किया तो उसने फोन नहीं उठाया। रामबीर ने वापसी उनके नंबर पर व्हाट्सअप कॉल कर पैसे वापस देने से इंकार किया तथा उनके साथ गाली-गलौज करके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को व्हाट्सअप कॉल की रिकार्डिंग सौंप कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत प्राप्त होने के बाद आरोपी को नोटिस जारी कर सोमवार को दोनों पक्षों को थाने में बुलाकर छानबीन की। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### पोर्टल पर 30 तक नागरिक कर सकते स्व-गणना

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिले में स्व-गणना का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए नागरिक एसई.सेन्सेस.जीओवी.इन पोर्टल से परिवार मकान संबंधित जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को करने में 15-20 मिनट का समय लगता है। जनगणना प्रक्रिया को सरल और तकनीकी रूप से बेहतर बनाने के उद्देश्य से स्व-गणना का विकल्प 30 अप्रैल तक आमजन के लिए उपलब्ध रहेगा। डीसी बताया कि स्व-गणना के लिए नागरिक पोर्टल पर मोबाइल नंबर एवं कोड के माध्यम से लॉगिन करें। इसके उपरांत डिजिटल मानचित्र पर अपने घर का स्थान चिन्हित करें।

# रेलवे के कार्य के दौरान मेन पाइपलाइन टूटी, दो दिन बाधित रहेगी जल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। पाइपलाइन ठीक कराने का कार्य कराते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को नारनौल रोड रेलवे फाटक के पास रेलवे की ओर से किए जा रहे कार्य के कारण लक्ष्मी नगर वार्ड-31 के पास शास्त्री नगर बुस्टिंग स्टेशन की पानी सप्लाई की मेन पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे पानी की सप्लाई बाधित हो गई है। पब्लिक हेल्थ विभाग के जेई सुनील कुमार ने बताया कि पाइप लाइन डैमेज होने सूचना मिलने के बाद विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पानी की सप्लाई बंद कर पाइपलाइन की मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि पाइपलाइन डैमेज होने के कारण आगामी दो दिन तक पानी की सप्लाई बाधित रह सकी है। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि विभाग की टीम जल आपूर्ति को जल्द से जल्द बहाल करने के लिए पूरे प्रयास कर रही है। पाइपलाइन ठीक होते ही पानी की सप्लाई सामान्य कर दी जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

प्रशासन की ओर से जिम्मेदारों पर ठोस कार्रवाई की जाए तो कचरा जलाने की घटनाओं पर अंकुश लग सकता है

# जिले में एनजीटी के आदेशों की लगातार उड़ रही धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/धारूहेड़ा



रेवाड़ी। धारूहेड़ा के औद्योगिक क्षेत्र में जला हुआ कचरा तथा शहर के नेहरू पार्क के पास जलता हुआ कचरा। फोटो : हरिभूमि

जिले में पिछले दिनों से खुले में कचरा जलाने की घटनाएं बढ़ गई है, जिससे वातावरण दूषित होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। शिकायत मिलने के बाद विभाग की कार्रवाई सिर्फ जुर्माना लगाने तक ही सीमित रहती है, जिसके बाद क्षेत्र में अन्य जगह पर कचरा जला दिया जाता है। हालांकि जिले के औद्योगिक कस्बा धारूहेड़ा में खुले में कचरा जलाने की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अब प्रशासन ने कदम उठाने शुरू किए हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से औद्योगिक क्षेत्र में कचरा जलाने के मामले में संबंधित इकाइयों पर जुर्माना लगाया गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। गांव खरखड़ा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने औद्योगिक क्षेत्र में कचरा जलाने की घटनाओं को लेकर केंद्रीय और राज्य स्तर पर विभागों को शिकायत भेजी थी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों ने मौके पर जांच की, जहां कचरा जला हुआ पाया गया। सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि औद्योगिक इकाइयों की ओर से खुले में कचरा डालकर उसमें आग लगा दी जाती है, जिससे पूरे क्षेत्र में जहरीला धुआं फैलता है और आमजन के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है। इस प्रकार की गतिविधि एनजीटी के आदेशों और पर्यावरण नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। कचरा जलाने के मामले में संज्ञान में लेते हुए हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने क्षेत्र में जांच की और दोषी पाए जाने पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के एस्टेट विभाग के खिलाफ 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई नियमों के उल्लंघन को रोकने और अन्य इकाइयों को चेतावनी देने के उद्देश्य से की गई है। प्रदूषण विभाग के अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों को कचरे का निस्तारण निर्धारित मानकों के अनुसार ही करने के निर्देश दिए है। स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि इसी तरह सख्ती जारी रही तो क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है। सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि यह एक सकारात्मक कदम है, लेकिन स्थाई समाधान के लिए नियमित निगरानी और जवाबदेही तय करना जरूरी है।

### नेहरू पार्क के पास जलाया कचरा

शहर में भी कचरा जलाने की घटनाएं आम हो गई है। पिछले दिनों ब्रास मार्केट, बस स्टैंड, ट्रामा सेंटर के पास व लघु सचिवालय के पीछे कंटेनर डिपो के पास कचरा जलता पाया गया, जिनमें ब्रास मार्केट व कंटेनर डिपो के पास जलाए गए कचरे पर एचएसवीपी पर 25-25 हजार का जुर्माना लगाया जा चुका है। सोमवार रात्रि को नेहरू पार्क के अनाजमंडी साइड वाले गेट के पास कचरा जलता हुआ दिखाई दिया। नेहरू पार्क के गेट के पास स्थित पेड़ के नीचे ही कचरा जला दिया गया, जिससे आग की लपटें पेड़ को नुकसान पहुंचाती रही। अगर प्रशासन की ओर से जिम्मेदारों पर ठोस कार्रवाई की जाए तो कचरा जलाने की घटनाओं पर अंकुश लग सकता है।